11 शिक्षकों के चरण स्पर्श कर विद्यार्थियों ने लिया आशीर्वाद



12 सालों से बहादुरगढ़ को फिट बना रहा बीआरजी



## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 मोड़ पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चालक घायल हो गया। घायल की पहचान बिहार के निवासी तौसिफ के रूप में हुई है। तौसिफ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। जब सेक्टर 2 मोड़ पर पहुंचा तो कार की चपेट में आ गया। बाइक को टक्कर मारने के बाद गाड़ी गड्ढे में उतर गई। कुछ स्कूली बच्चों ने कार को गड्ढे से बाहर निकलवाया तो चालक घायल को संभालने के बजाय अपनी कार लेकर भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू की। घायल को नागरिक अस्पताल में ले जाया गया।

### सट्टा खाईवाली के आरोप में युवक गिरफ्तार




**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना प्रभारी ने सट्टा खाईवाली के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुन्ना लाल के रूप में हुई है। मूलः एमपी का मुन्नालाल यहां छोटूराम नगर में रहता है। रामलीला ग्राउंड के पास से उसे पकड़ा गया। उसके पास से 3200 रुपये व चार्ट बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

### सरिये के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव ईस्सरहेड़ी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कई क्विंटल सरिये के नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय रणजीत कुमार पासवान के रूप में हुई है। मूलतः बिहार का रणजीत फिलहाल नजफगढ़ में रह रहा था। एक भवन निर्माण सामग्री बेचने वाली दुकान पर बतौर लेबर कार्यरत था। बुधवार को गाड़ी सरिये लेकर इस्सरहेड़ी गांव में स्थित निखिल विहार कॉलोनी में आई थी। गाड़ी में 15 क्विंटल सरिया था। लेबर रणजीत सरिया उतार रहा था। इसी दौरान काफी मात्रा में सरिया फिसलकर उसके ऊपर गिर गया। जैसे तैसे आसपास मौजूद लोगों ने उसको सरियों के नीचे से निकाला। उसे चेहरे व सिर पर गंभीर चोट थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सरचार्ज माफी योजना का लाभ उठाएं उपभोक्ता

**झज्जर।** उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई 'सरचार्ज माफी योजना 2025' के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। इस योजना का लाभ 11 नवंबर 2025 तक लिया जा सकता है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक राहत का सुनहरा अवसर है।

### फसल बीमा योजना के लिए 31 तक आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई 2025 तक योजना में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग जैसी प्रमुख खरीफ फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया।

# पांच मिनट के अंतराल में शहर के लोगों ने दो बार महसूस किए भूकंप के झटके

■ झज्जर-रोहतक से होकर गुजर रही महेंद्रगढ़-देहरादून फॉल्ट लाइन भूकंप का कारण, धरती कांपने से सहमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ झज्जर से दस किलोमीटर गहराई में रहा भूकंप का केंद्र

■ शहर में किसी नुकसान की सूचना नहीं

वीरवार सुबह आए भूकंप के झटकों से शहर की धरती दहल गई। लोगों ने पांच मिनट के अंतराल पर एक के बाद एक दो बार भूकंप के झटके महसूस किए। पहला झटका जहां जोरदार रहा वहीं दूसरा झटका हल्का व चंद सैकेंड का था। तीव्र गति से आए इस भूकंप से लोग सहम गए और अपने घरों व कार्यालयों से बाहर निकलते हुए खुले मैदान में जाने के लिए भागते दिखाई दिए।

रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र झज्जर बताया जा रहा है। हालांकि भूकंप के कारण हुए किसी नुकसान की खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की वजह से करीब 10 सैकेंड तक धरती कांपती रही। सुबह करीब 9 बजकर 4 मिनट पर जहां लोगों ने भूकंप का पहला झटका महसूस किया वहीं 9 बजकर 10 मिनट पर फिर से झटका महसूस हुआ।

लोगों ने बताया कि भूकंप का पहला झटका बहुत तेज था। भूकंप का उद्गम केंद्र झज्जर शहर के उत्तर में 10 किलोमीटर बताया जा रहा है। इसकी गहराई जमीनी सतह से 10 किलोमीटर अंदर मापी गई है। बता दें कि झज्जर-रोहतक से होकर गुजर रही महेंद्रगढ़-देहरादून फॉल्ट लाइन पर अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।



झज्जर। घर के बाहर खड़े लोग।

### लोग बोले -अचानक तेज झटके लगे

भूकंप आने के दौरान जब धरती थरथराने लगी तो लोग घरों से निकलकर बाहर की ओर दौड़े। भट्टी गेट निवासी शकुंतला देवी, कांता देवी, रतनी, निशा, सरोज, पूनम, शर्मिला आदि ने बताया कि वे घर में बैठी खाना तैयार कर रही थीं। उसी दौरान जब भूकंप के झटके महसूस हुए। चौधरियान मौहल्ला निवासी नरेंद्र जुनेजा ने बताया कि कमरे में बेड लेटा फोन देखा रहा था अचानक तेज आवाज के साथ झटका महसूस हुआ तो वह बाहर की ओर दौड़ा। उसने देखा कि गली में कई लोग बाहर निकल आए थे। हलवाई का काम करने वाले हेमंत सैनी ने बताया कि वह गिजाड़ौद गांव में अपने साथियों के साथ भंडारे के लिए पूरी तैयार में जुटे थे। अचानक टिन की चद्दर तेज आवाज करने लगी। उसके बाद कुछ लोगों ने कहा कि सावन की शुरूआत में महादेव ने धरती पर आने का संदेश दिया है। उधर, नागरिक अस्पताल के कर्मचारी ऋषि व धर्मेंद्र ने बताया कि भूकंप आने के कुछ क्षण में ही अस्पताल के अधिकांश कर्मचारी व तिमारदार बिल्डिंग से निकलकर खुले मैदान में पहुंच गए। देर तक लोगों में भूकंप को लेकर चर्चा होती रही।

### बहादुरगढ़ में भी लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकल आए

**बहादुरगढ़।** वीरवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। करीब 9 बजकर 4 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता 4.4 रिक्टर स्केल मापी गई। भूकंप का केंद्र झज्जर जिले में ही धरती की सतह से 10 किलोमीटर नीचे था। भूकंप से दिल्ली और उसके आसपास बार-बार धरती कांप रही है। पिछले दिनों में भारत के अंदर कई बार भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। खासकर हरियाणा में पिछले कुछ महीनों के अंदर ही कई बार भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। वीरवार को जब बहादुरगढ़ में अचानक धरती में कंपन हुआ तो लोग सहम गए। भूकंप के झटके महसूस होने पर कुछ लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर भी निकल आए। हालांकि इतनी तीव्रता के भूकंप का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं होता है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक धरती की सतह पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स पाई जाती है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं, वहीं कई बार आपस में टकरा जाती है। ये प्लेट्स जब आपस में टकराती है तो इसके कोने मुड़ जाते हैं और दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में इनके टकराने से निकली ऊर्जा बाहर निकलने का रास्ता खोजती है। इसी से भूकंप आता है। वीरवार को भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोगों में दहशत का माहौल देखा गया।

# पहले गाड़ी छीनकर चालक को मारा, फिर लिफ्ट मांगने वाले का भी घोंट दिया गला

दो जुड़वां भाइयों व मामा के लड़के ने मिलकर की वारदात, गिरफ्तार

बेरी निवासी अनिल और दरियापुर के दीपक की हुई थी हत्या

अनिल का शव बादली के पास माइनर तो दीपक का शव इसापुर में मिला था

पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बेरी निवासी अनिल की लूटपाट के बाद गला दबाकर हत्या की गई। इतना ही नहीं, हत्यारोपियों ने रास्ते में लिफ्ट मांगने वाले दरियापुर के दीपक को भी लगा दबाकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या की दोनों वारदातों का खुलासा हो गया है। मामलों में दो जुड़वां भाइयों व उनके मामा के लड़के को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के लिए चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### हुक्का पीने निकला था दीपक

बादली थाना प्रभारी सुरेश कुमार के मुताबिक, दरियापुर की निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा दीपक छह जुलाई की शाम को हुक्का पीने के लिए घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। महिला ने अपहरण की आशंका जताई थी। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज चेक की। हाल ही में जांच के दौरान पुलिस को दिल्ली पुलिस से सूचना मिली कि इसापुर के खेतों में एक व्यक्ति की लाश है। इस पर टीम वहां गई तो लाश की शिनाख्त दीपक के रूप में हुई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जतिन निवासी बाघपुर बेरी तथा लोकेश व अनुज निवासी माजरी के रूप में हुई है। इनमें लाकेश व अनुज जुड़वां भाई हैं, जबकि जतिन इनके मामा का लड़का है। प्रारंभिक पूछताछ में इनसे हत्या की एक और वारदात का खुलासा हुआ।

### दो मर्डर केस की गुत्थी सुलझी



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में तीनों हत्यारोपी।

### अपहरण कर हत्या

सामने आया कि इन्होंने बेरी के निवासी अनिल की गाड़ी छीनने के बाद गला दबाकर हत्या की और शव बादली के पास माइनर में फेंक दिया। तीन जुलाई को अनिल का अपहरण हुआ था और छह जुलाई को शव पाया गया था।वहीं, दीपक हत्याकांड में यह सामने आया है कि आरोपी जब छीनी गई गाड़ी लेकर बादली होते हुए गुड़गांव जा रहे थे तो गुड़गांव रोड पर केएमपी के नीचे दीपक ने इशारा देकर दरियापुर मोड़ तक लिफ्ट मांगी थी। उन्होंने दीपक को लिफ्ट दी।

फिर किसी बात पर उनमें कहासुनी हो गई। दीपक वहां से निकल भागा था। लेकिन आरोपियों ने उसके गांव से दीपक का अपहरण किया और गर्दन दबाकर हत्या कर दी। शव को दिल्ली के इसापुर के खेतों में फेंक दिया। वीरवार को तीनों आरोपी अदालत में पेश किए गए। जहां से चार दिन के रिमांड पर लिया। पूछताछ में दोनों मामलों का पूरी तरह से खुलासा हो सकेगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी शुरू



झज्जर। ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए सीईओ मनीष फौगाट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के अंतर्गत जिले में गतिविधियों का संचालन तेजी से शुरू कर दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना और जनभागीदारी के माध्यम से स्थायी स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना है। जिसको लेकर संवाद भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीईओ मनीष फौगाट की अध्यक्षता में जिले के सभी ग्राम सचिवों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। सीईओ ने बताया कि इस सर्वेक्षण में जिले की ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन तीन आधारों प्रत्यक्ष निरीक्षण, ग्रामीण नागरिकों का फीडबैक और पंचायतों द्वारा स्वच्छता से संबंधित रिपोर्टिंग पर किया जाएगा। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों व ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि स्वच्छता संबंधी विशेष जागरूकता मुहिम चलाई जाए, जिसमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालयों की नियमित सफाई, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाए रखना प्रमुख बिंदु होंगे।

## 7 मूक बधिर बच्चों को मिला रोजगार


**बहादुरगढ़।** वीरवार को नूना माजरा की बाबा रामदास एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में श्रवण एवं वाणी बाधित बाल-बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर दिया गया। सोसाइटी परिसर में हुए मेले में एमेजन कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। गुंजन भंगार, हरविंद्र सिंह और सत्यवान ने विशेष प्रतिभाशाली बच्चों की क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए 7 मूक बधिर बच्चों को रोजगार के अवसर दिए। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने कंपनी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सातों मूक बधिर बच्चों को ज्वाइनिंग लेटर दिए। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी योजना के 248 आवेदन अधूरे, 14 तक पूर करें : उपायुक्त

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त जातियों के छात्रों के कल्याण के लिए छात्रवृति योजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि संशोधित योजना के कुल आवेदनों में से 248 छात्रों के आवेदन पत्र अधूरे हैं। अब छात्र 14 जुलाई तक विभाग की वेबसाइट पर जाकर पूरा कर सकते हैं। उन्होंने योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई आज

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान सिटी सब डिविजन, सब अर्बन डिविजन, सब डिविजन माछरौली, सब डिविजन बादली क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। यदि कोई उपभोक्ता उपमंडल अभियंता के फैसले से संतुष्ट नहीं है, तो वह चेयरमैन एवं कार्यकारी अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता है।



# ओपन काउंसलिंग : धीमी है कॉलेजों में एडमिशन की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्षेत्र के महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले की रफ्तार इस बार बेहद धीमी दिख रही है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी दोनों मेरिट सूचियों के बाद भी एक तिहाई सीटों पर ही दाखिले हो पाए हैं।

रिक्त सीटों को भरने के लिए बुधवार 9 जुलाई से ओपन काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वीरवर को भी छात्र सीधे कॉलेज में जाकर दाखिला ले रहे थे।


### मेरिट सूची बनाई जा रही

प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार से विद्यार्थियों की उपस्थिति के आधार पर मेरिट सूची बनाई जा रही है। इस दौरान सुबह नौ बजे विद्यार्थियों के दस्तावेज लेकर दोपहर बाद मेरिट सूची तैयार की जाती है। मेरिट सूची के आधार पर दाखिले होंगे। दाखिला प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए महाविद्यालय स्तर पर विशेष निगरानी कमेटी भी गठित की गई है। यह कमेटी प्रत्येक आवेदक के दस्तावेज की जांच और दाखिले की प्रक्रिया की निगरानी रखेगी।

### ये बोले नोडल अधिकारी



राजकीय महाविद्यालय में एडमिशन के नोडल अधिकारी कमल कुमार रंगा ने बताया कि बीए मॉर्निंग के लिए कुल 320 सीटों पर 481 आवेदन प्राप्त हुए थे और वीरवार तक 148 एडमिशन हुए हैं। बीए इवनिंग की 200 सीटों पर 90 आवेदनों के बावजूद 40 एडमिशन हुए हैं। बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों पर 72 आवेदन हुए थे और एडमिशन केवल 15 हुए हैं। बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों पर 85 आवेदन हुए थे और एडमिशन 20 हुए हैं। बीबीए की 40 सीटों पर 93 आवेदनों के बावजूद 29 एडमिशन हुए थे। बीकॉम की 180 सीटों पर 95 आवेदन हुए थे। जबकि एडमिशन 33 ही हुए हैं। बीसीए की 60 सीटों पर 220 आवेदन प्राप्त होने के बावजूद 43 एडमिशन हुए हैं। कमोबेश यही स्थित इलाके के अन्य कॉलेजों की भी रही।



### बादली कॉलेज में हो रही ओपन काउंसलिंग

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र-2025-26 में ओपन काउंसलिंग शुरू हो चुकी है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्राचार्य आनंद काद्याण ने बताया कि महाविद्यालय में कला स्नातक प्रथम वर्ष में 400, बीकॉम में 80, जीव विज्ञान में 20, भौतिक विज्ञान में 80, भूगोल ऑनर्स 40, रसायन विज्ञान ऑनर्स में 40 सीटें निर्धारित की गई हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय के नियमानुसार दाखिला प्रक्रिया जारी है।

## खेलमंत्री गौतम ने बुजुर्ग खिलाड़ी चांद सिंह अहलावत को किया सम्मानित



**झज्जर।** हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स संघ द्वारा पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह जिले के बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांद सिंह को सम्मानित किया गया है। एथलेटिक्स संघ के महासचिव राम किशोर शर्मा अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित खेल मंत्री गौरव गौतम ने मास्टर चांद अहलावत को मेडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मास्टर चांद सिंह अहलावत ने बताया कि उन्हें यह सम्मान केरल के त्रिचूर में 31 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित स्पर्धा में 2 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल जीतने तथा 31 मई से 1 जून तक गोवा में आयोजित स्पर्धा में चार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए प्रदान किया गया। मुख्यातिथि द्वारा मास्टर चांद सिंह अहलावत को सम्मानित करते समय उनके उत्साह व जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि 85 वर्ष की आयु वर्ग के बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने नशे से दूर रहने फिट शरीर होने का उदाहरण पेश किया।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

## समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली,
**मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

## परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप




बहादुरगढ़। श्रमिक रणजीत को मोबाइल सौंपते एएसआई वीरेंद्र।

### श्रमिक को ढूंढकर फोन सौंपा

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी सेक्टर-16, 17 में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक का मोबाइल खो गया। काफी तलाशने पर भी नहीं मिला तो उसने पुलिस को सूचना दी। मामले में गंभीरता दिखाते हुए चौकी प्रभारी राजेंद्र व एएसआई वीरेंद्र की टीम ने जांच शुरू की। जांच करते हुए पुलिस ने फोन तलाश लिया। इसके बाद वीरवार को चौकी में बुलाकर श्रमिक को फोन सौंप दिया। श्रमिक रणजीत ने कहा कि फैक्ट्री से घर लौटते वक्त फोन गुम हुआ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कुछ ही समय में उनका फोन तलाशकर सौंप दिया है। इसके लिए वह पुलिस का धन्यवाद करते हैं। वहीं चौकी प्रभारी राजेंद्र ने कहा कि हमारे यहां फैक्ट्रियों में बड़ी तादाद में श्रमिक काम करते हैं। कई बार वारदात या कोई घटना होने पर वे पुलिस के पास नहीं आते। पुलिस आमजन व उनके संसाधनों की सुरक्षा बखूबी कर रही है। आमजन भी जागरूक रहें। यदि कोई वारदात या घटना हो जाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### हड़ताल को सफल बनाने पर जताया आभार

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के जिला सचिव सतीश कुमार ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए तमाम बुद्धिजीवियों, औद्योगिक मजदूरों, स्कीम वर्करों, कर्मचारियों, मेहनतकश जनता, संयुक्त किसान मोर्चा के घटक किसान संगठनों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर यह हड़ताल बगैर जनभागीदारी के कामयाब नहीं हो सकती थी।

### गोबर डालने के लिए निकली महिला लापता

**बावल।** साबन गांव में जोहड़ किनारे कुरड़ी में गोबर डालने के लिए घर से जाने के बाद लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी महिला का पता नहीं चला। जोहड़ में गिरने की आशंका से गोताखोर ने तलाश शुरू की, परंतु पानी अधिक होने के कारण गोताखोर को भी तलाश करने में सफलता नहीं मिली।

### विधायक आज करेंगे जन शिकायतों की सुनवाई

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव शुक्रवार को सुबह श्याम नगर गांव स्थित बंगला में जन शिकायतों की सुनवाई करेंगे। विधायक के प्रवक्ता ने बताया कि इसके बाद सहादत नगर गांव के बाबा दुल्ला मंदिर में भी जन शिकायतों की सुनवाई होगी तथा उसके उपरांत कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित फ्लाईओवर के कार्य का निरीक्षण करेंगे। विधायक गांव लुखी के आर्य समाज मंदिर तथा गांव गूजरवास व कोसली कार्यालय में भी जन शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

## एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षकों के चरण स्पर्श कर विद्यार्थियों ने लिया आशीर्वाद

■ विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सभा में प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों को बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है। यह पर्व देश में गुरु को देवताओं से भी श्रेष्ठ स्थान देने के महत्व को दर्शाता है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया ने भी विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों को गुरु की महिमा पर आधारित शार्ट स्टोरी भी प्रोजेक्टर पर दिखाई।

इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, वरिंद्र भट्टी, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, म्यूजिक टीचर जितेंद्र, डीपीई अमित, संजीत सांगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।





झज्जर। शिक्षकों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लेते हुए विद्यार्थी, आनंद आश्रम में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि




झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### गुरू पूर्णिमा पर्व पर यज्ञ, कन्या पूजन और भंडारे का हुआ आयोजन

**झज्जर।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शहर के कोसली रोड स्थित आनंद दास आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुबह हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। उसके बाद कन्या पूजन तथा आश्रम में स्थापित गुरुओं की प्रतिमाओं को भोग लगाते हुए भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि भंडारे की पूर्व संध्या पर सत्संग का आयोजन भी किया गया था। सत्संग में गायक कलाकारों द्वारा मधुर भजनों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं में सुरज भान फौजी, चेतराम, अमित पंछी, काले, दयानंद, रोशनी देवी, सीमा रानी, अनीता देवी, योगेश, राजेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सोलो डांस प्रतियोगिता में ज्योति, वंशु व खुशी रहे प्रथम

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ बेरी गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में अंतर सदनीय सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणवीं, गुजराती, पंजाबी, मराठी, राजस्थानी लोकगीतों पर डांस करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता परिणामों में छठी से आठवीं कक्षा तक के समूह में नीलगिरी सदन की ज्योति प्रथम, अरावली सदन की लावण्या द्वितीय व हिमालय सदन की सृष्टि तृतीय रही। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के समूह में विंध्याचल सदन के वंशु व नीलगिरी सदन की खुशी को पहला, नीलगिरी सदन की तमन्ना व हिमालय सदन की अंशिका को दूसरा तथा विंध्याचल सदन की इच्छा को तीसरा स्थान मिला। विद्यालय निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास तथा प्राचार्य नसीब अहलावत ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि व विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

### गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण से मिलता है विशेष पुण्य : महंत राजेंद्र दास

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन स्थित तपोभूमि जटेला धाम में गुरु पूर्णिमा पर्व पर पौधरोपण व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महंत राजेंद्र दास ने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा। गुरु देवता तुल्य है जो शिष्य को सानिध्य में आने पर सब कुछ दे देता है। गुरु की तरह वृक्ष भी मानवता को अपना सर्वस्व देते रहते हैं। इसलिए गुरु और प्रकृति के सम्मान को व्यास ऋषि के जन्मदिन के रूप में मनाने की सनातन परंपरा है। प्रकृति को ऋषि मुनियों ने सबसे बड़ा गुरु माना है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें बिना किसी स्वार्थ के फल, छाया और प्राणवायु देते हैं, जो गुरु की निःस्वार्थ सेवा से मेल खाती है। प्राचीन आश्रमों व गुरुधामों में प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की शिक्षा दी जाती थी। गुरु के दिशा निर्देशों में शिष्य वृक्ष लगाते थे, जल की रक्षा करते थे। सावन में पेड़ लगाना भगवान शिव को अर्घ्य देना है। इसलिए पेड़ों के माध्यम से शिव की पूजा एक सनातन जरिया है। वेद, पुराण व सनातन ग्रंथ वृक्ष व प्रकृति की महिमा से भरे पड़े हैं। स्वामी नितानंद ने सत्य सिद्धांत प्रकाश में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविध विविधता पर विशेष अध्याय लिखे हैं। उन्होंने अपने काव्य में चंदन, पलाश, अरंड, पीपल, नीम, बबूल, ढाक व आक आदि वनस्पतियों का वर्णन किया है। जटेला धाम की साध संगत और नितानंद मिशन फाउंडेशन ने वृक्षारोपण का जनव्यापी अभियान चलाया है। उन्होंने उपस्थित साध संगत से एक पेड़ गुरु के नाम से लगाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी गुरु के नाम पौधरोपण करते हुए मुहिम की शुरूआत की। इस मौके पर कनाडा से सुभाष सैनी, सीटीएम रवींद्र मलिक, बख्शी राम सैनी चेयरमैन नगर परिषद चरखीदादरी, प्रवीण स्वामी, अजय सैनी, राकेश यादव धारूहेड़ा, करतार, रघुवीर, महेंद्र जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। पौधरोपण के साथ एक पेड़ गुरु के नाम मुहिम की शुरूआत करते हुए महंत राजेंद्र दास। फोटो :हरिभूमि

### भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**झज्जर।** गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शहर की ऑफिसर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत अनिल कपूर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह आठ बजे हवन के साथ किया गया। इसके उपरांत 11 बजे कन्या पूजन तथा करीब बारह बजे भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान शहर के मौजिज लोगों के अलावा आस-पास के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों ने भी मंदिर पहुंच कर हनुमान बाबा की पूजा-अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।



झज्जर। हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### कौशिक ने किया गुरुजनों को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों को सम्मानित किया। कौशिक ने कहा कि गुरु नामक दीपक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने सांपला धाम में श्री कालिदास महाराज, गुरुद्वारा गुरु नानक कॉलोनी, ब्रह्मकुमारी के सेक्टर-2 सेवा केंद्र में विनीता दीदी, बालाजी मंदिर में गणेश बाबा, सेक्टर-2 में श्री श्री 1008 गणेशानंद महाराज, इस्कॉन मंदिर में प्रभु श्री कुरडीमल पुजारी, प्राचीन मंदिर झज्जर रोड पर राजेश पुजारी, वेदांत आश्रम में श्री देवेंद्र गिरी जी महाराज को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रो. अशोक शर्मा, डॉ. जसवंत कुमार, धर्मवीर शर्मा, महेश कुमार, आनंद पवार, विजय सैलानी, चंद्रभान कौशिक, कोच बिरजू शर्मा, अशोक जून पहलवान, कोच अजय राठी, एनआईएस कोच शैलजा शर्मा, अंतरराष्ट्रीय कराटे कोच रजनीश चौधरी व सुनील को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया।



### एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान करना ही प्रशासन का दायित्व है। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। इस अवसर पर पशुपालन विभाग एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, बिजली निगम एसडीओ सुनील कुमार, पीडब्लूडी विभाग जेई प्रवीण अहलावत, नपा जेई रोहित लोहचब, एसईपीओ सत्यवान अहलावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के बारे में बताया

**बहादुरगढ़।** प्रदेश सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 16 सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण अभियान को कामयाब बनाने के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक हुई। बीआरसी मीनू वत्स ने गांव खेड़का गुर्जर व गोयला कलां में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के साथ ग्रामीणों को जागरुक किया। भविष्य में यह कमेटी ग्रामीण पेयजल सप्लाई के रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेवारी खुद संभालेगी। ग्राम सभा की आम बैठक बुलाकर ही सदस्य में बदलाव हो सकता है। इस अभियान के तहत अवैध कनेक्शन काटे जा रहे हैं। जल संरक्षण में ग्रामीणों की अहम भूमिका है। खुले नलों पर टेप लगाकर पेयजल की बर्बादी को रोका जा रहा है। पेयजल संबंधित शिकायत निवारण केंद्र के टोल फ्री नंबर 18001805678 के साथ ही जल संरक्षण एवं प्रबंधन के उपायों की जानकारी युक्त प्रचार सामग्री भी गांव में वितरित की जा रही है। सरपंच सुनील कुमार व देवेंद्र सिंह समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को जागरुक करती बीआरसी मीनू वत्स।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**बहादुरगढ़।** वीरवार को मॉडल पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा सैल की ओर से विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा नशे के दुष्प्रभाव बारे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने देश में हर रोज सड़क हादसों में काफी लोगों की मौत हो जाती है। नियमों की अनदेखी भी इन हादसों की बड़ी वजह है। इसलिए चालक को नियमों का पालन करना चाहिए। हर नागरिक को यातायात नियमों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा समाज का दुश्मन है। यह हमारी युवा पीढ़ी को खराब कर रहा है। इसलिए युवा वर्ग, विद्यार्थी आदि इस बुराई से दूर रहे। पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक करें और अपने माता पिता था राष्ट्र का नाम रोशन करें।

## पहलवान दीक्षा का किया स्वागत-सम्मान

■ दीक्षा ने दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

किर्गिस्तान में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी हिंद केसरी सोनू अखाड़े की उभरती हुई पहलवान दीक्षा का वीरवार को स्वागत सम्मान किया गया। दीक्षा ने दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। मांडोठी गांव की महज 14 साल की दीक्षा अर्जुन अवार्डी धर्मेंद्र पहलवान की देखरेख में लगातार प्रशिक्षण ले रही है। दीक्षा का सपना ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है। दीक्षा ने किर्गिस्तान में 5 कुश्तियां लड़ी और पांचों में जीत हासिल की। अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर ने बताया कि दीक्षा अपनी पढ़ाई के साथ पहलवानी भी करती है। उसके स्वागत समारोह में हिंद केसरी सोनू पहलवान, सुधीर कोच, रिंकू कोच, अनुराग कोच, सेठी पहलवान, मुकेश, कृष्ण, भारत केसरी काला पहलवान, बिल्लू ठेकेदार, रामकिशन जाखोदा, संजय रुहिल, राहुल फिजियो, पवन जाखौदा, पातर सिंह, सतेंद्र रुहिल, स्वरूप, बलजीत, जितेंद्र आसौदा, गुड्डा नेवी, वीरेंद्र व सोनू आदि मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। दीक्षा पहलवान का स्वागत करते कोच, अभिभावक और साथी पहलवान। फोटो :हरिभूमि

## ओएसडी ने किया डीघल व बेरी स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को स्कूलों में डिजिटल बोर्ड, लैंग्वेज लैब, लाइब्रेरी, टैब और कंप्यूटर लैब के प्रयोग को लेकर ओएसडी हिमांशु चौहान द्वारा डीघल व बेरी के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। ओएसडी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और डिजिटल बोर्ड आदि उपकरणों बारे जानकारी ली। विद्यार्थियों से संवाद के बाद उन्होंने कहा कि हरियाणा के विद्यार्थियों में प्रतिभा है और उनके हुनर, हिम्मत और हौंसले से प्रदेश नंबर वन बनेगा। उन्होंने 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों से ही पूछा कि रूटीन में कक्षा में कितने शिक्षक डिजिटल बोर्ड से पढ़ाते हैं। लैंग्वेज लैब के टीचर नहीं होने पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को दूसरे स्कूल के किसी टीचर को भेजकर यहां के एक शिक्षक को प्रक्षिक्षण देने को कहा। प्राचार्य के अच्छे मैनेजमेंट और बोर्ड, लाइब्रेरी के सही प्रयोग करने पर भी सराहना की। बाद में उन्होंने बेरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने विभिन्न विषयों की कक्षाओं में जाकर छात्रों से सीधे संवाद किया।



झज्जर। डिजिटल बोर्ड के बारे में विद्यार्थियों से सवाल करते हुए ओएसडी हिमांशु चौहान।

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

# अंग्रेजी कविता वाचन में श्यामा, यशवी व लक्ष्य रहे अव्वल

■ विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों व मिडल हेड अनिता यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंग्रेजी अध्यापिका पारूल यादव द्वारा मंच संचालन किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में दूसरी कक्षा के रोज अनुभाग से श्यामा ने प्रथम, लक्षिता ने द्वितीय और मोहिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तीसरी कक्षा के लिली अनुभाग से यशवी प्रथम, रोज अनुभाग से मीनाक्षी द्वितीय और जसमिन अनुभाग से वंश तृतीय रहा। छठी कक्षा में लक्ष्य ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय और खुशी व रश्मि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि अंग्रेजी कविता वाचन एक ऐसी कला है, जो आंतरिक मनोभावों को व्यक्त करती है। विद्यार्थियों के बौद्धिक व तार्किक विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




झज्जर। जीते गए उपहार दिखाते हुए अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### त्रुटि रहित मतदाता सूची लोकतंत्र का मुख्य आधार: एसडीएम

**बेरी।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार इन दिनों बीएलओ को प्रशिक्षण देने का कार्य जारी है। कार्यशाला के तीसरे दिन वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने उपस्थित बीएलओ से संवाद करते हुए निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची लोकतंत्र का मुख्य आधार हैं। वोटर लिस्ट तैयार करने में बीएलओ की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कार्यशाला में ऑनलाइन नया वोटर कार्ड बनाने, वोटर कार्ड को सूची से हटाने, वोटर कार्ड में पता बदलने आदि संशोधन प्रक्रिया बारे विस्तार से चर्चा की। बीएलओ को आयोग द्वारा प्रशिक्षण देने का मुख्य मकसद यही है कि वे अपने कार्य में पूरी तरह प्रशिक्षित हों।

**सूचना**

मैं, पूनम पत्नी श्री रोहताश निवासी मकान नं. 973, अशोक विहार, लाईनपार, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हिमांशु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजबीर सिहं पुत्र श्री चरण सिहं निवासी उखलचना (कोट) तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा लड़का दीपक मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### आरईडी स्कूल की काफी ने उत्तीर्ण की सीए परीक्षा



**झज्जर।** आरईडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल छुछकवास की छात्रा काफी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्या सरिता मल्हान ने होनहार छात्रा काफी की अथक मेहनत की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा काफी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता दीनदयाल, मां सरिता व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

### पूर्व पार्षद दलाल को मातृशोक

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद ज्योति दलाल की मां एवं पूर्व पार्षद राजू दलाल की सास कमला गहलावत का वीरवार को निधन हो गया। स्थानीय रामबाग में उनका दाह संस्कार हुआ। जजपा जिलाध्यक्ष संजय दलाल, पार्षद संदीप अहलावत, सचिन दलाल, भाजपा नेता शेखर यादव, अशोक जून सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के लिए उनकी अंत्येष्टि में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### फंदे पर लटका मिला शव, दो पर केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव छुड़ानी में फांसी लगाने से एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। व्यक्ति के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों की शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 32 साल के रोहित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात को रोहित फंदे पर लटका देखा गया। किसी की नजर पड़ी तो उसे संभाला गया लेकिन देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। रोहित दो बच्चों का पिता था। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि उसके पास से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में उसने दो जानकारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़ा है। हालांकि असल पुष्टि पुलिस की जांच के बाद हो सकेगी।

# 1500 मीटर में झज्जर के वीर और 200 मीटर में अर्जुन ने जीता गोल्ड मेडल

■ डीसीपी मयंक मिश्रा और एनवी सिटी के डायरेक्टर बिजेंद्र जिंदल ने मुख्यातिथि के तौर पर तैराकों को पुरस्कृत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में चल रही राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के चौथे दिन सब जूनियर और जूनियर वर्ग के तैराकी मुकाबले हुए। डीसीपी मयंक मिश्रा और एनवी सिटी के डायरेक्टर बिजेंद्र जिंदल ने मुख्यातिथि के तौर पर तैराकों को पुरस्कृत किया। जूनियर ग्रुप 2 के 1500 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में झज्जर के वीर दलाल ने गोल्ड मेडल, गुरुग्राम के देवेश खरब ने सिल्वर और झज्जर के अरमान मान ने कांस्य पदक जीता। गर्ल्स की 1500 मीटर फ्री स्टाइल में फरीदाबाद की नियति जुल्का ने गोल्ड, पलवल की छवि ने सिल्वर और गुरुग्राम की अलीशा द्विवेदी ने कांस्य पदक जीता।

रोहतक के अदिश अहलावत ने 100 मीटर बटरफ्लाई में गोल्ड, झज्जर के दिव्यांशु गुलिया ने सिल्वर और फरीदाबाद के देवांश ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों में गुरुग्राम की अवनी सूरी ने गोल्ड, सोनीपत की प्रांजल ने सिल्वर पदक जीता। जूनियर ग्रुप 1 में लड़कों की 200 मीटर फ्री स्टाइल में गुरुग्राम के अर्जुन ने गोल्ड, झज्जर के सक्षम ने सिल्वर और झज्जर के इशांत ने कांस्य पदक जीता गुरुग्राम के रिजुल भारद्वाज ने 100 मीटर बटरफ्लाई में गोल्ड, सोनीपत के आयन वीर खत्री ने सिल्वर और गुरुग्राम के अनंत गुलिया ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में गुरुग्राम की स्तुति चटर्जी ने गोल्ड, रोहतक की हर्षिता ने सिल्वर और गुरुग्राम की आद्य शर्मा ने कांस्य पदक जीता। गुरुग्राम की स्तुति चटर्जी ने 100 मीटर बटरफ्लाई में गोल्ड, फरीदाबाद की हर्षिका जुल्का ने सिल्वर और गुरुग्राम की समृद्धि विरमानी ने कांस्य पदक जीता।





**बहादुरगढ़।** वीरवार को राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रदेश के तैराक और विजेता तैराकों को पुरस्कृत करते डीसीपी मयंक मिश्रा, बिजेंद्र जिंदल व अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

### आर्टिफिशियल डाइट और नशे से दूर रहें: डीसीपी

डीसीपी मयंक मिश्रा ने विजेता तैराकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन में रहकर गुरुजनों के दिशानिर्देश का पालन करना जरूरी है। खिलाड़ियों को नेचुरल डाइट लेनी चाहिए। आर्टिफिशियल डाइट और नशे से दूर रहना चाहिए। बिजेंद्र जिंदल ने भी तैराकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। हरियाणा तैराकी संघ की तरफ से महासचिव अनिल खत्री ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अनिल खत्री ने बताया कि सीनियर ग्रुप्स के मुकाबले शुक्रवार से शुरू होंगे।

# सफीपुर में जलभराव : किसानों को सताने लगा फसलों की बर्बादी का डर

## उपायुक्त से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे ग्रामीण, जल्द पानी निकासी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र में हुई तेज बरसात गांव के किसानों के लिए आफत बन गई है। खेतों में हुआ जल भराव लोगों की समस्या का कारण बना है। वीरवार को जिले के गांव सफीपुर के किसान खेतों में हुई जलभराव की समस्या के समाधान की मांग को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने डीसी से मिलकर खेतों से पानी निकास कराने की गुहार लगाई।

ग्रामीणों की समस्या सुनने उपरांत डीसी रविंद्र स्वप्निल पाटिल ने उन्हें समस्या का समाधान शीघ्र कराए जाने का आश्वासन दिया। ग्राम सरपंच संदीप ने बताया कि खेतों में जलभराव के कारण उनकी फसल बर्बाद होने का भय सताने लगा है। उन्होंने बताया कि गांव के खेतों में जलभराव की निकासी

■ दो साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से गोधड़ी गांव से गुजरने वाली नहर तक पाइप बिछाई गई थी लाइन

के लिए दो साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से गोधड़ी गांव से गुजरने वाली नहर तक पाइप लाइन बिछाई गई थी। किसानों की माने तो नहर की ऊंचाई ज्यादा होने के कारण पानी लिफ्टिंग में परेशानी आ रही थी जिसके चलते अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नहर के पास पंप हाउस बनाने की बात कहकर नहर किनारे से पाइप को काट दिया गया। हालांकि वहां लगाई मोटर से पानी निकासी हो रही थी।

### बहादुरगढ़ में 54 एमएम बरसात

■ आगामी कई दिनों तक ऐसे ही मौसम बना रहने के आसार हैं

■ बुधवार की शाम सात बजे ही आसमान में घने बादल छाने के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में बीती रात से लेकर सुबह तक रुक रुक कर झमाझम बरसात हुई। लगभग 54 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते तापमान में गिरावट हुई। वहीं जगह जगह जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। दरअसल, बुधवार की शाम सात बजे ही आसमान में घने बादल छाने के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। रात को बरसात तेज हो गई। सुबह तक कई बार रुक रुक कर बरसात होती रही। वीरवार की दोपहर भी फुव्वार हुई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इसका असर तापमान पर देखने को मिला। अन्य दिनों की अपेक्षा तापमान कुछ डिग्री गिरकर 31 पर पहुंच गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। आगामी कई दिनों तक ऐसे ही मौसम बना रहने के आसार हैं। उधर, दूसरी तरफ जब लोग वीरवार की सुबह उठे तो कई कॉलोनियों व सड़कों पर जलभराव था।



# कमल गिरोत्रा नप झज्जर के मनोनीत पार्षद नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े शहर के वार्ड नंबर तीन निवासी कमल गिरोत्रा को नगर परिषद झज्जर का मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है।

कमल गिरोत्रा की नियुक्ति पर पंजाबी समाज के अलावा सभी वर्गों के लोगों में खुशी जताई है। नवनियुक्त पार्षद कमल गिरोत्रा ने सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ व जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है। उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। वहीं कमल गिरोत्रा की नियुक्ति पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि उमेश नंदवानी, हितेंद्र गुर्जर, टीटू गिरोत्रा, बिल्लू धींगड़ा, अमित सिंगला, यश यादव, देवेंद्र सैनी, शिशुपाल मलिक, गुलशन शर्मा, संजय सहगल, नसीब वाल्मीकि सहित अन्य लोगों ने नवनियुक्त पार्षद को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बेरी। जल निकासी कार्यों का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने दूबलधन में लिया स्थिति का जायजा

**बेरी।** वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ दूबलधन गांव दौरा कर पानी निकासी का जायजा लिया। उन्होंने मानूसन सीजन में बरसाती पानी एकत्रित ना होने पाए इसके लिए जरूरत के अनुसार मोटरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की निर्बाध रूप से निकासी हो,ताकि खेतों में फसल को नुकसान ना पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग और बिजली निगम के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पानी निकासी के लिए मोटरों की उपलब्धता पूरी रखें, सभी फीडरों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जलभराव की स्थिति में पम्प सेटों के जरिए तुरंत मोटर चलाकर पानी निकासी की जाए।

# भीम सिंह प्रणामी, अमित कौशिक व राजबाला पार्षद मनोनीत, तीनों का किया स्वागत



**बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार ने उत्तर भारत की प्रसिद्ध लोकगायिका राजबाला, भाजपा के फायर ब्रांड प्रवक्ता भीम सिंह प्रणामी और अमित कौशिक को बहादुरगढ़ नगर परिषद का सदस्य मनोनीत किया है।

तीनों मनोनीत पार्षद वीरवार को भाजपा नेता विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर पहुंचे। जहां भाजपाइयों ने तीनों मनोनीत पार्षदों का अभिनंदन किया। बता दें कि हरियाणा में मनोनीत पार्षदों को वोटिंग का अधिकार नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव की बैठक या फिर बजट मीटिंग में कोरम पूरा करने के लिए भी वोटिंग नहीं कर सकते। मनोनीत पार्षद बोर्ड की मीटिंग में केवल शहर के विकास को लेकर राय दे सकते हैं। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने भीम सिंह प्रणामी, अमित कौशिक व राजबाला बहादुरगढ़ को नगर परिषद में सदस्य मनोनीत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष विकास बाल्मीकि सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें एक मजबूत टीम दी है। यह टीम बहादुरगढ़ का विकास करवाने सहित संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।



बहादुरगढ़। स्थापना दिवस के मौके पर संकल्प लेते बीआरजी के सदस्य।

# 7 सालों से बहादुरगढ़ को फिट बना रहा बीआरजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फिटनेस के प्रति समर्पित लोगों ने सात साल पहले बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप की शुरुआत की थी। बीआरजी अब हरियाणा के साथ देशभर में फिटनेस, सामाजिक एकता और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन चुका है। वीरवार को स्थापना दिवस मनाते हुए बीआरजी के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक सोच से जोड़ेंगे।

बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि 10 जुलाई 2018 को कुछ युवा और अनुभवी धावकों ने मिलकर मिशन फिट बहादुरगढ़ की नींव रखी थी। हर सुबह की दौड़ के साथ बदलाव शुरू हुआ। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संदेश आम जनता तक पहुंचा। पिछले 7 वर्षों में बीआरजी के धावकों ने दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, जयपुर, वडोदरा, कोलकाता से लेकर आबू पर्वत की कठिन ट्रेल्स तक में हिस्सा लिया और कई पदक अपने नाम किए।

सैकड़ों धावक हर साल राष्ट्रीय मैराथन में भाग लेते हैं। नवनीत दलाल, सुनील बेनीवाल, प्रद्युम्न, धर्म भगत, जसवीर जून आदि कई धावकों ने अपने वजन को 100 किलो से घटाकर 70 किलो तक कर दिखाया। कई ने जीवन में पहली बार 5 किलोमीटर से शुरू करके आज 42 किलोमीटर की मैराथन पूरी की है। इस दौरान बीआरजी ने कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। फिट इंडिया एंबेसडर दीपक छिल्लर और प्रवीन सांगवान से लेकर डॉ किरण छिल्लर, जगदीश राठी, सुचेत सिंह, अजय कंडोला, शरनम, गुलाब सिंह, नवनीत सिंह, धर्मवीर, हितेश अहलावत, विजय सिंह, सुरेंद्र दलाल, कृष्ण भारद्वाज, सागर ओहल्यान, सुनील बेनीवाल, मुकेश कुमार, नीरज छिल्लर, सुरेश राठी, रविंद्र मलिक, धर्मवीर सैनी, जयदेव राठी, जसवीर जून, शमशेर, ब्रह्मप्रकाश मान, संदीप नारा, विनोद राठी, रमेश व विनित आदि धावकों ने ग्रुप को नई ऊंचाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### दुकानदारों ने विधायक राजेश जून से की मुलाकात

# रेहड़ी-दुकान वालों की समस्याएं सुनीं



**बहादुरगढ़।** एसीपी दिनेश कुमार के साथ रेहड़ी फड़ वालों की समस्या सुनते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 व पटेल नगर के बीच सड़क पर लगने वाले शुक्र बाजार के साथ ही प्रतिदिन रेहड़ी व फड़ लगाने वाले दुकानदारों ने विधायक राजेश जून से मुलाकात की। इसके बाद विधायक राजेश जून ने मौके पर पहुंचकर उनकी समस्या ध्यानपूर्वक सुनी। मौके पर ट्रैफिक एसीपी दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

एसीपी दिनेश कुमार ने विधायक राजेश जून को बताया कि सेक्टर-6 व पटेल नगर के बीच सड़क पर दुकानदार शुक्र बाजार के अलावा रोजाना रेहड़ियां व फड़ लगाते हैं। इस रोड पर 2-3 हॉस्पिटल भी हैं और साप्ताहिक बाजार के कारण यहां भारी भीड़ रहती है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भी खूब समस्या का सामना करना पड़ता है।

एसीपी दिनेश कुमार ने सुझाव दिया कि इन दुकानदारों को यहां से शिफ्ट करने के लिए नगर परिषद से परमिशन लेकर सेक्टर-2 की ग्रीन बेल्ट के पास स्थाई जगह उपलब्ध करवाई जा सकती है। विधायक राजेश जून ने दुकानदारों व रेहड़ी लगने वालों को आश्वस्त किया कि नप अधिकारियों से बात करके जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।



बहादुरगढ़। हड़ताली सब्जी विक्रेताओं के धरने पर पहुंचे इनेलो नेता भूपेंद्र राठी। फोटो : हरिभूमि

### हड़तालियों को इनेलो ने दिया समर्थन

**बहादुरगढ़।** सब्जी मंडी में दूसरे दिन भी पंजीकृत विक्रेताओं की हड़ताल जारी रही। हड़ताली विक्रेताओं ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की। साथ ही ये चेतावनी भी दी कि अगर शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे गेट पर धरना देकर मंडी को बंद कर देंगे। वहीं, इनेलो नेताओं ने भी धरने पर पहुंचकर विक्रेताओं को समर्थन दिया। दरअसल, सब्जी मंडी में मांसाखोर शेड में लगभग 210 पंजीकृत सब्जी विक्रेता हैं। बीते कुछ समय से किसान शेड में भी कई दुकानदारों द्वारा सब्जियां बेची जा रही हैं। पंजीकृत विक्रेताओं का तर्क है कि आढ़तियों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह सिलसिला चल रहा है और हमारा कामकाज चौपट हो गया है। इसलिए उन्होंने बुधवार को हड़ताल शुरू कर दी थी। वीरवार को भी विक्रेताओं ने धरना देकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं, विक्रेताओं ने पक्का मोर्चा बनाने की तैयारी कर दी है। रोष जाहिर करते हुए विक्रेताओं ने कहा कि हमारे सामने भूखे मरने की नौबत आ गई। इसलिए हड़ताल की है। दो दिन से हड़ताल चल रही है लेकिन कोई अधिकारी सुध लेने नहीं आया है। वहीं, इनेलो ने भी विक्रेताओं को समर्थन दिया है। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी व अन्य पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। भूपेंद्र राठी ने कहा कि विक्रताओं की समस्या का समाधान होना चाहिए। हम विक्रेताओं के साथ खड़े हैं। इनेलो शहरी प्रधान रामनिवास सैनी, सोनू सैनी, धर्म सिंह सैनी, एडवोकेट विपिन, मंडी प्रधान बलवान, सचिव ओमप्रकाश व उपप्रधान पवन आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।